**Patrika (Hindi), (Indore ed.) 08th September 2016, Page-3**


एजु रैंड ने जारी की लिस्ट

# सेंट्रल इंडिया में आईआईटी इंदौर पहले और डीएवीवी दूसरे स्थान पर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**इंदौर.** देशभर के टेक्निकल इंस्टिट्यूट के बीच हुए सर्वे में शहर के आईआईटी और इंदौर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय को महत्वपूर्ण जगह मिली है। आईआईटी इंदौर देशभर में 13वें स्थान के साथ सेंट्रल इंडिया में पहले और डीएवीवी देशभर में 34वें स्थान के साथ सेंट्रल इंडिया में दूसरी पोजिशन पर रहा है। इस सर्वे में आईआईटी दिल्ली ही टॉप पर हैं।

एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एजु (ईडीयू) और अमरीकन एजेंसी रैंड (आरएएनडी) ने संयुक्त रूप से देशभर के करीब 800 टेक्निकल इंस्टिट्यूट का सर्वे कर रैंकिंग जारी की है। सर्वे में एम्प्लॉयबिलिटी और रिसर्च को खास महत्व दिया गया था। सर्वे रिपोर्ट में आईआईटी दिल्ली ने पहले, आईआईटी मुंबई ने दूसरे और आईआईटी खड़गपुर ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई। टॉप 10 इंस्टिट्यूट में सेंट्रल इंडिया से एक भी इंस्टिट्यूट को जगह नहीं मिल पाई। सेंट्रल इंडिया में पहले स्थान पर जगह बनाने वाला आईआईटी इंदौर देशभर में 13वें स्थान पर रहा। सेंट्रल इंडिया से टॉप 20 में से 10 इंस्टिट्यूट इंदौर के है। इसी सर्वे में देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी और इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी को अलग-अलग रैंक दी गई। डीएवीवी के डिपार्टमेंट में चल रहे एमटेक और एमफिल प्रोजेक्ट्स के कारण यूनिवर्सिटी को देश में 34वीं, जबकि आईईटी को 134 वें स्थान पर जगह मिल पाई।






## सेंट्रल इंडिया के टॉप कॉलेज और एआईआर

**01** आईआईटी इंदौर (एआईआर 13)

**02** देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर (एआईआर 34)

**03** मौलाना आजाद इंस्टि. ऑफ टेक्नो. भोपाल (एआईआर 35)

**04** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नो., रायपुर (एआईआर 67)

**05** एसजीएसआईटीएस इंदौर (एआईआर 96)

**06** मेडिकैप्स इंस्टि. ऑफ टेक्नो. इंदौर (एआईआर 129)

**07** इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी डीएवीवी इंदौर (एआईआर 134)

**08** भिलाई इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, दुर्ग (एआईआर 149)

**09** सम्राट अशोक टेक्निकल इंस्टिट्यूट, विदिशा (एआईआर 251-275)

**10** इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड साइंस आईपीएस एकेडमी इंदौर (एआईआर 326-350)

## परसेंट वेटेज देते हुए निकाली रैंकिंग

**सर्वे** में प्लेसमेंट, रिसर्च वर्क, फैकल्टी रेशो एंड क्वालिफिकेशन के साथ फिल रेट यानी सीटों की संख्या में मिलने वाली एप्लीकेशंस और फाइनल एडमिशन के आधार पर कम्पेरिजन किया है। एम्प्लॉयबिलिटी के लिए 50 परसेंट, रिसर्च वर्क के लिए 25 परसेंट, फैकल्टी के लिए 15 परसेंट और फिल रेट को 10 परसेंट वेटेज देते हुए रैंकिंग निकाली गई।